चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 157 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

30 नवंबर 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

21 न्यूनतम



Page-5



## बनारस स्टेशन पर आग से 200 दुपहिया खाक

**वाराणसी, एजेंसी।** बीती रात कैंट रेलवे स्टेशन पर भयानक आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 200 मोटरसाइकिल जलकर खाक हो गई। आग उस क्षेत्र में लगी, जहां रेलवे कर्मचारी अपनी वाहन पार्क करते हैं। घटना को वक्त रहते फायर ब्रिगेड और जीआरपी-आरपीएफ में मिलकर काबू कर लिया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर स्थित जीआरपी के पीछे बने रेलवे के मोटरसाइकिल स्टैंड की है रेलवे पुलिस की टीम ने मिलकर बड़ी मुश्किल से कुछ अन्य मोटरसाइकिल को जलने से बचा लिया। इस दौरान प्रत्याशिदर्शी रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि रात लगभग 10ः30 बजे एक बार शॉर्ट सर्किट हुई थी, जिसे बनाने के लिए बिजली कर्मचारी आए भी थे, लेकिन फिर कुछ घंटे बाद दोबारा शॉर्ट सर्किट हो गई।

## डीजीपी की विदाई परेड आज, स्पेशल डीजी बोले- पड़ता है बुरा असर





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पुलिस महानिदेशक के पद से सुधीर कुमार सक्सेना आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस मौके पर शाम को उनकी विदाई परेड मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होगी। मगर यह आयोजन विवादों से घिर गया है। इसकी वजह पुलिस के स्पेशल डीजी शैलेष सिंह का एक पत्र है, जिसमें उन्होंने विदाई परेड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे अंग्रेजी हुकूमत के समय होने वाले आयोजनों जैसा कहा है। यह भी लिखा है कि ऐसे आयोजन जवानों पर बुरा असर डालते हैं। उन्होंने सभी अफसरों को यह पत्र लिखा है। पुलिस रिफार्म का जिम्माः स्पेशल डीजी शैलेष सिंह पर पुलिस रिफार्म का जिम्मा है। हालांकि आज सेवानिवृत्त हो रहे डीजीपी सक्सेना के पूर्व डीजीपी पद से 4 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हुए विवेक जौहरी को भी विदाई परेड दी गई थी। यह पुलिस की पुरानी परंपरा है।सिंह ने तर्क दिया है कि सलामी परेड खत्म की जा चुकी है। मुख्यमंत्री से लेकर सभी अधिकारियों की सलामी परेड नहीं होती। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में यह ठीक नहीं है। यह कोलोनिज्म रूल्स को दर्शाती है।

## बांग्लादेश में हिंदु नरसंहार पर दिल्ली में विरोध सभा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली स्ट्डी ग्रुप के तत्वाधान में 'बॉग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार' पर विरोध सभा कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हुई। इसमें बॉग्लादेश के हिंदुओं की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता, निराशा व निंदा व्यक्त की गई। इसे वर्तमान में, विश्व के इतिहास में दुःखद अध्याय बताया गया। इसमें कहा गया कि हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, जबरन इस्लामी धर्मांतरण, विस्थापन और हिंदु अल्पसंख्यकों को चिन्हित कर निशाना बनाया जा रहा है। विरोधसभा को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद् आलोक कुमार, जैन आचार्य डॉ. लोकेश मुनि व एम. नागेश्वर राव,आईपीएस (सेवानिवृत्त) पूर्व सीबीआई निदेशक ने संबोधित किया।

### सीएम पद पर 8 दिन से असमंजस, फडणवीस को मिलेगा और बड़ा काम

# महाराष्ट्र में मुरली की नई तान, गांव से लौटकर शिंदे करेंगे बड़ा ऐलान!

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**



भाजपा अब तक महाराष्ट्र में नये सीएम का नाम तय नहीं कर सकी है जबकि नतीजे आये 8 दिन हो चुके हैं। इसे लेकर अब उसके राजनीतिक विरोधी भी हमलावर हो गये हैं। उधर मौजूदा कार्यवाहक सीएम एकनात शिंदे ने अपने गांव सतारा में डेरा डालकर जो संकेत दिया है उसे लेकर गहमागहमी बढ रही है। शिंदे के पास 57 विधायक हैं। उनके करीबी नेता संजय शिरसाट ने अब इस कहानी में एक नया मोड़ ला दिया है। शिरसाट ने कहा जब भी एकनाथ शिंदे को लगता है कि उन्हें सोचने के लिए कुछ समय चाहिए तो वह अपने पैतृक गांव चले जाते हैं। जब शिंदे को कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो वह अपने पैतृक गांव चले जाते हैं। कल शाम तक वह बहुत बड़ा फैसला ले लेंगे।

इस बीच महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस गहरा गया है और देवेंद्र फडणवीस के इस पद की दौड में सबसे आगे होने के बावजूद भी अब केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर का नाम भी चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया पर मुरलीधर मोहोल से जुड़ी पोस्ट सामने आई हैं। इनमें दावा किया गया है कि अगर फडणवीस मुख्यमंत्री नहीं बनते हैं तो ऐसी स्थिति में मुरलीधर मोहोल विकल्प हो सकते हैं दरअसल मोहोल पुणे से सांसद हैं। मोदी सरकार में सिविल एविएशन और सहकारिता राज्य मंत्री हैं। वह पुणे के मेयर भी रह चुके हैं। मोहोल महाराष्ट्र के प्रभावी मराठा समुदाय से आते हैं। वे अमित शाह के विश्वासपात्र भी है। अटकलें हैं कि अगर फडणवीस को बीजेपी अन्य भूमिका देना चाहती है तो मुरलीधर मोहोल मुख्यमंत्री बनेंगे। कहा यह भी जा रहा है कि आश्चर्यजनक घटनाक्रम में मोहोल सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे तथा फडणवीस को भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि मोहोल कहा है कि सोशल मीडिया पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम की अटकलें निराधार हैं। भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। गौरतलब है कि महाराष्ट्र राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से महायुति गठबंधन ने 230 सीटों पर भारी बहुमत हासिल किया। भाजपा ने 132 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीतीं, और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं।



### पवार बोले-

महाविकास अघाड़ी के नेताओं को महायुति पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में जनादेश का सम्मान नहीं हो रहा, जो अच्छी बात नहीं है। पवार बोले कि दिलचस्प बात ये है कि इतना स्पष्ट बहुमत होने के बाद भी अभी तक सरकार नहीं बन पाई है मतलब साफ है कि जनता द्वारा दिया गया बहुमत उनके (महायुति) लिए कोई मायने नहीं रखता।

### मोहन यादव विदेश यात्रा से लौटे



मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव इंग्लैंड व जर्मनी की यात्रा से आज सुबह दिल्ली लौट आए। वे दोपहर चार बजे के आसपास भोपाल पहुंच रहे हैं और स्थानीय कार्यक्रमं में शामिल होंगे। यादव करीब आठ दिन तक दोनों देशों में निवेशकों सेमिले हैं और मप्र में फरवरी में प्रस्तावित ग्लोबल इंडस्ट्री समिट के लिये मप्र की औद्योगिक विशेषताओं की ब्रांडिंग की है। बतौर सीएम यह उनकी पहली विदेश यात्रा रही।

## पीएफ में बड़े बदलाव की तैयारी बढ़ सकती है अंशदान की लिमिट

**नई दिल्ली. एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन इन दिनों बड़े बदलाव की तैयारी में जुटा हुआ है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार कई बदलावों पर काम कर रही है, जिसमें एटीएम से पीएफ का पैसा निकालना, इक्विटी में निवेश और कर्मचारियों के योगदान की सीमा को खत्म करना शामिल है। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही सरकार कर्मचारियों के 12 फीसदी के अंशदान को खत्म कर सकती है और ये लिमिट बढ़ा सकती है। अगर पीएफ अकाउंट के तहत कर्मचारियों के कंट्रीब्यूशन को बढ़ाया जाता है तो जो कर्मचारी पेंशन और रिटायरमेंट फंड ज्यादा पाने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए ये ज्यादा लाभकारी होगा। वे पीएफ अकाउंट के तहत 12 फीसदी से ज्यादा कंट्रीब्यूशन दे सकते हैं। श्रम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि इस सुधार का मकसद रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को ज्यादा पेंशन और फंड दिलाना है।




### अभी कितना योगदान

कर्मचारियों को अभी पीएफ अकाउंट के तहत 12 फीसदी का योगदान हर महीने देना होता है. वहीं नियोक्ता की ओर से भी इतनी ही फीसदी का योगदान पीएफ अकाउंट में दिया जाता है. इसके ऊपर सरकार की ओर से एक तय ब्याज दर सालाना आधार पर कर्मचारी के पीएफ अकाउंट में क्रेडिट किया जाता है। फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अब इस व्यवस्था में 12 फीसदी की लिमिट को खत्म करने का विचार कर रहा है।

## ट्रंप की चेतावनी के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री भागे-भागे पहुंचे

**वाशिंगटन. एजेंसी**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐसा एलान किया कि कनाडा और मैक्सिको की नींद उड़ गई। आनन-फानन में कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ट्रंप से मिलने पहुंच गए। दरअसल, ट्रंप ने कहा था कि वह जनवरी में कार्यभार संभालने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाया जाएगा। उनका कहना है कि वो ऐसा तब तक करेंगे जब तक ये देश अपने अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और फेंटेनाइल दवाओं के प्रवाह को बंद नहीं करते। ट्रंप अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। इसके लिए वह सत्ता हस्तांतरण से पहले ही तैयारी में लगे हुए हैं। उनके प्लान में कनाडा और मैक्सिको से ड्रग्स की सप्लाई और अवैध प्रवासियों को



रोकना भी शामिल है। इसी को लेकर ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी के बाद कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि वह (ट्रंप) जो कहते हैं, वो करते हैं और आनन-फानन में सीधे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति से मिलने पहुंच गए। हालांकि, फिलहाल यह नहीं बताया गया है कि इनके बीच में किन-किन मुद्दों पर बात हुई है। दोनों के बीच करार को सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको से होने वाले सभी इंपोर्टेड प्रोडक्ट पर 25 फीसदी टैक्स लगाने की चेतावनी दी थी।

**मेट्रो एंकर**

### दो राज्यों में अनपेक्षित हार के बाद महामंथन, हाइकमान नाराज

# कांग्रेस अब कई सूबाई नेताओं के पर कतरेगी!

**नई दिल्ली. एजेंसी**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस कार्य समिति में सख्त एक्शन की बात हुई है। माना जा रलहा है कि इस एक्शन की गाज कई नेताअं पर गिर सकती है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में दो-टूक कहा कि अब जवाबदेही तय की जाएगी तथा कठोर निर्णय लिए जाएंगे. उन्होंने ईवीएम को लेकर कहा कि पूरी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से ÷गंभीर रूप से समझौता÷ किया जा रहा है और कांग्रेस जल्द ही इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। हालांकि ईवीएम मुद्दे पर पार्टी के भीतर कुछ मतभेद है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। निष्पक्ष चुनाव निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। इस दौरान शीर्ष नेताओं ने राजनीतिक स्थिति पर विचार किया और महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों पर चर्चा की। कार्य समिति ने फैसला किया कि चुनावी प्रक्रिया से ''हो रहे गंभीर समझौते'' से जुड़ी चिंता को राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में उठाया जाए। खड़गे ने कहा कि चुनावी हार के मद्देनजर ÷कठोर निर्णय÷



लेने होंगे और जवाबदेही तय करनी होगी। नेताओं को चुनाव परिणामों से सबक लेना होगा। पार्टी के राज्य नेता विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं पर कब तक निर्भर रहेंगे। कांग्रेस प्रतिरोध का संगठन है और पार्टी नेताओं को इस पर भरोसा रखना चाहिए। करीब साढ़े चार घंटे तक चली मैराथन बैठक में 81 नेताओं ने हिस्सा लिया। पार्टी ने तय किया है कि हरियाणा के बाद पैनल के सदस्य महाराष्ट्र का भी दौरा करेंगे और वहां के नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात करेंगे और नुकसान का आकलन करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि राज्य में चुनावी नतीजे सामान्य समझ से परे हैं और यह लक्षित हेरफेर का एक स्पष्ट मामला प्रतीत होता है।

### सर्वे से मिल चुकी थी आहट

हालांकि महाराष्ट्र में कांग्रेस को मिली हार इतनी बड़ी हैरानी की बात नहीं होनी चाहिए , क्योंकि सूत्रों का कहना है कि चुनावों से पहले राज्य में किए गए आंतरिक सर्वेक्षणों ने स्पष्ट रूप से बताया था कि महाविकास अघाड़ी कसभा चुनावों में मिली बढ़त को बनाए रखने में नाकाम हो है। सर्वेक्षणों में पार्टी को पहले ही ये बात पता चल गई थी कि एकनाथ शिंदे सरकार की लाड़की बहिन योजना ने लोगों के बीच बहुत तेजी से पैठ बनाई है। **ईवीए के पक्ष में चिदंबरम:** विचार-विमर्श के दौरान, कुछ नेताओं ने ईवीएम के खिलाफ पार्टी प्रमुख के रुख के खिलाफ जाने वालों की आलोचना की और कहा कि इससे नेतृत्व और उठाए गए मुद्दों की छवि खराब होती है। खड़गे द्वारा ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर संदेह जताए जाने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने ईवीएम के पक्ष में बात की।

### राहुल बोले- जल्द एक्शन लीजिए

वहीं राहुल गांधी ने खड़गे से पार्टी के खराब परिणामों के मद्देनजर 'सख्ती से काम लेने' का आग्रह किया। जब चुनावों को लेकर जवाबदेही तय करने की बात हो रही थी तो राहुल गांधी ने कहा, ''खरगे जी, एक्शन लीजिए। खरगे ने कांग्रेस के भीतर कलह पर निशाना साधते हुए कहा, सबसे अहम बात आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी है। जब तक यह असलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे।

## दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान सिर्फ 5 फीसदी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महीने भर से प्रदूषण से जूझ रही दिल्ली में आज सुबह एक बार फिर एयर क्वालिटी इंडेक्स 350 के पार पहुंच गया, जो गंभीर स्थिति को दर्शाता रहा है। सुबह दिल्ली का 24 घंटे का औसत 351 रिकॉर्ड किया गया।, वहीं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटरोलॉजी, पुणे के अनुसार, पराली जलाने का योगदान अब दिल्ली के प्रदूषण में 5त्न से भी कम हो गया है। इसके साथ ही इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट के डेटा से पता चलता है कि पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। इसके कई कारण हैं। दिल्ली के भीतर पैदा होने वाले प्रदूषक तत्व, विशेष रूप से वाहनों से निकलने वाला धुआं, दिल्ली के कुल प्रदूषण में 25त्न से अधिक का योगदान देता है। इसके अलावा मौसम की स्थितियां भी अनुकूल नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों में हवा की गति थोड़ी बढ़ी थी, जिससे वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार आया था। दिल्ली में हरसाल जाडे के दिनों में प्रदूषण लोगों को ज्यादा सता रहा है और बीमार कर रहा है।

### मप्र में 6 सहकारी दुग्ध संघ, इनकी संग्रहण, प्रोसेसिंग व विपणन क्षमता निजी से भी बदत्तर

### अब सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने और उसे सहकारी सेक्टर में लाने का कर रही नए सिरे से प्रयास

# किसान दूध उत्पादन में पीछे नहीं, सरकार उसे सहकारी सेक्टर के अधीन रखकर लाभ नहीं दिला पा रही!

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शुरु सु अब तक किसानों ने दूध की पैदावर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह हाल तब है जब किसानों को कोई बड़ा फायदा नहीं मिल रहा है, बल्कि वे निजी कंपनियों के चंगुल में फंसकर उलझ चुके हैं। उपभोक्ताओं को भी फायदा की बजाए नुकसान ही उठाना पड़ रहा है। फायदा कहीं जा रहा है तो वह केवल निजी कंपनियों के जब में जा रहा है।

ऐसे में मोहन सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने और उसे सहकारी सेक्टर के अधीन रखकर किसान व जनता को लाभ दिलाने के नए वादे कर चुकी है। पूरा फोकस दूध का उत्पादन बढ़ाने पर है लेकिन मप्र पहले से सर्वाधिक दूध उत्पादन में तीसरे नंबर पर है। विशेषज्ञों का कहना है कि दूध उत्पादन पर जोर देने की बजाए सरकार को उत्पादित दूध को सहकारी सेक्टर से जोड़कर किसान और आम जनता दोनों को लाभ दिलाने पर जोर देना चाहिए। इसके लिए नई नीति, रणनीति लेकर आना चाहिए।

**प्रदेश में 17 हजार मीट्रिक टन दूध-** मप्र में 17 हजार 500 मीट्रिक टन दूध का उत्पादन होता है जो राष्ट्रीय स्तर पर कुल दूध उत्पादन का 9 प्रतिशत है। इस तरह मप्र ने दूध के उत्पादन में 3 राज्यों को छोड़कर बाकी को पहले से पीछे रखा है।



### सहकारी सेक्टर ऐसे कमजोर

प्रदेश में अभी 6 सहकारी दुग्ध संघ भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर और ग्वालियर में है। इनकी 6100 सहकारी दुग्ध उत्पादन समितियां हैं, जिनमें किसान दूध बेचते हैं। एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन इन संघों पर नियंत्रण रखता है। ये सभी दुग्ध संघ मिलकर रोजाना 12 लाख लीटर दूध खरीद पा रहे हैं, जो कुल दुग्ध उत्पादन का करीब 3 प्रतिशत ही है। इन संघों की संग्रहण, प्रोसेसिंग और विपणन क्षमता बहुत ही कमजोर है, जिसका फायदा 35 साल से निजी कंपनियां उठा रही है। इनसे बाद में आने वाली कंपनियां लाखों लीटर दूध खरीदकर उससे लाभ कमा रही है।

### सहकारी सेक्टर के अधीन ही दूध का कारोबार दिला सकता है लाभ

विशेषज्ञों के मुताबिक सहकारी नियमों के तहत सहकारी दुग्ध संघों को नो प्रॉफिट-नो लॉस के सिद्धांत पर काम करना होता है। जिसके तहत दूध बेचने व खरीदने वाले दोनों के हितों का ध्यान रखा जाता है। मनमाने स्तर पर दामों में बढ़ोतरी नहीं की जा सकती। जबकि निजी कंपनियों में यह सिद्धांत लागू नहीं होता। उक्त सिद्धांत पर काम करने के बावजूद यदि लाभ होता है तो उस लाभ के अंश को खरीदे जाने वाले दूध की कीमतें बढ़ाकर किसानों को और खरीदने वाले आम उपभोक्ताओं के लिए दूध की कीमत कम करके बांटा जाता है। यह सिद्धांत भी निजी कंपनियों पर लागू नहीं होता।

### तब्लीगी इज्तिमा



भोपाल, दोपहर मेट्रो। तब्लीगी इज्तिमा में शिरकत के लिए यांमार, मोरक्को, किर्गिस्तान, सउदी अरब, बांग्लादेश, जर्मनी, मलेशिया, उबेकिस्तान, सूडान, मिस्र, फ्रांस, ट्यूनीशिया, केन्या, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाईलैंड, यूएसए, सेनेगल, यूके और इराक के लोगों ने आमद दर्ज करा दी है।

### विदेश छात्रवृत्ति योजना में शिकायतों पर मंत्री हुईं सख्त

## छात्रों की बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस लेंगे शिक्षण संस्थान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की अध्ययनरत संस्थाओं में 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये सभी शैक्षणिक संस्थाओं को आधार आधारित बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के लिये कहा गया है। शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदानद की जाती है। इसी अनुक्रम में पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा यह निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने दिए। गौर ने विभाग से विभागीय छात्रावासों में मैस व्यवस्था शुरू करने, सौर ऊर्जा प्लांट लगाने, बाउण्ड्री-वॉल बनाने के संबंध में की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। बैठक



में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग के कन्या छात्रावासों में मैस संचालन के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। राज्यमंत्री ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से हो रहा है। इसमें जिस किसी ने भी कोई शिकायत की है, तो उसकी शिकायत का समाधानकारक जवाब दें। राज्यमंत्री गौर ने दिल्ली छात्र-गृह योजना में छात्र संख्या 50 से बढ़ाकर 150 करने और सहायता राशि में वृद्धि करने के लिये प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की जानकारी दी गयी। बैठक में विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में बताया गया कि अब तक पिछड़ा वर्ग के 7 विद्यार्थियों को जापान में प्लेसमेंट दिलाया गया है। बैठक में पिछ?ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण कर छात्रवृत्ति का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। बैठक में बताया गया कि छात्रवृत्तियों के भुगतान के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में बताया कि विमुक्त, घुमंतु, अर्द्ध-घुमंतु समुदायों के परिवारों का सर्वे किये जाने का कार्य शीघ्र शुरू होगा।

## डीजीपी सक्सेना ने 142 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

रिटायरमेंट के एक दिन पूर्व डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने विपत्तियों के समय अच्छा काम करने वाले पुलिस के 142 अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मानित किया। यह सम्मान मुख्यालय में स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस में किया गया। डीजीपी ने 55 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परम विशिष्ट, अति विशिष्ट एवं विशिष्ट श्रेणी का केएफ रूस्तमजी पुरस्कार दिया। ये वर्ष 2020-21 के पुरुस्कार थे। वहीं मई 2023 में 48 और नवंबर 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 39 पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को डीजीसीआर अवॉर्ड दिया गया।

**पुलिस अपने कर्तव्यों पर अडिग रहे:** डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम में कहा कि मैं सभी पुलिसकर्मियों के त्याग और लगनशीलता की सराहना करता हूं। पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य पथ पर अडिग रहते हर प्रकार की चुनौतियों से लोहा लेते हुए अपराध पर नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से जनसेवा की मिसाल कायम की। इस सफलता में आपके परिवारवालों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। सभी ने देशभक्ति-जनसेवा के सूत्रवाक्य को सार्थक किया है। यह भी कहा कि सेवाओं में पूर्ण समर्पण और निष्ठा जरुरी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप डीजीसीआर पुरस्कार की संख्या प्रतिवर्ष सौ के स्थान पर दो सौ की गई है। बता दें कि केएफ रूस्तमजी पुरस्कार एवं डायरेक्टर जनरल्स कमंडेशन रोल (डीजीसीआर) प्रदान करना वर्दीधारी बलों की एक विशिष्ट परंपरा है, जिसमें बल का मुखिया अपने अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उसके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को सार्वजनिक रूप से सम्मान देते हुए अलंकरण प्रदान करते हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस के ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जिन्होंने दस्यु उन्मूलन अभियान, नक्सल विरोधी अभियान, सांप्रदायिक दंगों व कानून व्यवस्था की गंभीर परिस्थितियों के नियंत्रण में असाधारण काम अथवा उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन किया हो।

## 107 वर्षीय महिला ने किया सड़क के लिए भूमिपूजन



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

वार्ड चार में वर्षा स्वीट के पास पास वाले रोड का भूमिपूजन 107 वर्षीय बुजुर्ग महिला रुकमणि विधानी ने किया। पार्षद राजेश हिंगोरानी ने कहा कि मेरा प्रयास है कि वार्ड की हर गली हर सड़क का निर्माण कार्य मेरे इस कार्यकाल में हो इस सड़क के कार्य में विलंब थोड़ा सीवेज लाइन के कारण हुआ है जिसके कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्ड की बची हुई सड़कों का जल्द निर्माण होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में गेहानी ने कहा कि आम नागरिक को भाजपा के साथ है। इसकी वजह सनातन धर्म के लिए बचाव के लिए भाजपा का खड़ा होना है। इस मौके पर शिक्षाविद गेहानी व बसंत चेलानी, मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, समाजसेवी कर्नल नारायण पारवानी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश जनियानी, महेश खटवानी व अन्य विशिष्ट जन मौजूद रहे। बता दे सड़क का निर्माण सीवेज लाइन डालने के कारण रूका हुआ था।

## सिंधु सभा ने किया बजरंगियों का सम्मान

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भारतीय सिंधु सभा ने सिंधु सभा कार्यालय में ईदगाह हिल्स भोपाल से आई साध्वी मंजरी दीदी का भजन-कीतर्न हुआ। भजन संध्या में सिंधु सभा द्वारा बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव गुरदास रामचंदानी जी का सम्मान भारतीय सिंधु सभा के आवास संघ पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, महिला विंग की किरण वाधवानी, शोभा शेवकरामानी, गुरबानी, मधु लालवानी, पुष्पा मोतियानी, बसंत चेलानी, खिम्या पंजवानी, आरती परमाल, शशि आदि का सम्मान किया गया।




## सेवासदन को मिली किरण के नेत्रों को दान

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल निवासी 80 वर्षीय किरन अवस्थी का निधन हो गया। दिवंगत प्राणी की पुत्री शिवानी अवस्थी ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2168 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## रामचंदानी बने युवा सिंधी मंच के उपाध्यक्ष

**हिरदाराम नगर.** युवा सिंधी मंच संतनगर द्वारा समाजसेवी गुरदास रामचंदानी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्त होने पर रामचंदानी का स्वागत कर सम्मान पत्र दिया गया। स्वागत करने वालों में



युवा सिंधी मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी, महेश खटवानी, जीतेश नंदवानी, बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, मनोज शर्मा, एडवोकेट बृजकिशोर सेन, आशीष नंदवानी, लखन नंदवानी शामिल थे।

## प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालेंगे अनिल रूद्रजी



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर से बांके बिहारी वृंदावन धाम पहुंचकर निर्विघ्न श्रीराम भक्त हनुमान जी महाराज की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रार्थना की गई। संत-महात्माओं से प्राण-प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के आचार्य अष्टादस पुराण प्रवक्ता यज्ञ आचार्य अनिल रूद्रजी का 30 नवंबर को नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर आगमन होगा, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा की तारीख मुहूर्त निकाला जाएगा। पंडित रवि पटेरिया ने नारद भक्ति आश्रम वृंदावन धाम के महंत श्री विमल चेतन ब्रह्मचारीजी से कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रार्थना की। साथ ही बानप्रस्थ राधा माधव सेवा संस्थान के प्रमुख एवं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य चतुर नारायण शास्त्रीजी से भी प्राण प्रतिष्ठा आने के लिए निवेदन किया।

**मेट्रो एंकर**

### राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड संस्कृत शिक्षा को दे रहा है बढ़ावा

## 53 ईएफए स्कूलों में संस्कृत कक्षा का संचालन शुरू

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड अरूण, उदय और प्रभात कक्षाओं का संचालन 53 चयनित एजुकेशन फॉर ऑल (ईएफए) स्कूल में कर रहा है। इन विद्यालयों में संस्कृत माध्यम की कक्षाएं इस वर्ष शैक्षणिक सत्र से शुरू हो गई हैं। देश की सांस्कृतिक विरासत में संस्कृत भाषा का प्राचीन काल से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में संस्कृत भाषा के विस्तार के लिए विशेष प्रावधान रखे गये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेख किया गया है कि संस्कृत भाषा केवल संस्कृत पाठशाला एवं विश्वविद्यालयों तक सीमित न रहे बल्कि इसे मुख्य धारा में लाया जाये। इसके अनुपालन में प्रदेश में प्री-स्कूल के 3 वर्ष तथा कक्षा 1 और 2 के 2 वर्ष इस प्रकार बच्चे की उम्र 3 से 8 वर्ष की अवधि में



बच्चों को संस्कृत माध्यम से पढ़ाई कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग संस्कृत माध्यम के विद्यालयों के संचालन की निगरानी भी रख रहा है।

**यह है खासियत:** संस्कृत भाषा एक बीज भाषा है। यह भाषा सभी भाषाओं की जननी है। बाल मनोवैज्ञानिकों के अनुसार बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की अवस्था से पूर्व हो जाता है। शोध में यह बात भी सामने आयी है कि जो विद्यार्थी प्रारंभ से संस्कृत भाषा बोलते हैं, वे बाद के वर्षों में विश्व की किसी भी भाषा को बोलने की क्षमता रखते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए 53 संस्कृत विद्यालय प्रदेश में प्रारंभ किये गये हैं। यह एक ऐसा अनोखा प्री-स्कूल है, जिसमें छोटे बच्चों को संस्कृत माध्यम से भारतीय संस्कृति और परम्परा के बारे में सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इन विद्यालयों में पुस्तकालय, प्रदर्शन क्षेत्र, कठपूतली का कोना, विश्राम क्षेत्र, कहानी का कोना, कला कोना, खिलौनों का कोना, उत्सव की दीवार, भोजन क्षेत्र, संस्कृत अध्ययन सामग्री, बाल उपवन, तुलसी का बर्तन और ध्यान कुटिया जैसी सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराई गई हैं।

## धार्मिक यात्रा से लौटे माधु चांदवान का स्वागत



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी की धार्मिक यात्रा वापसी पर पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में स्वागत किया गया। चांदवानी सात दिवसीय गया (बिहार), काशी बनारस व अयोध्या धार्मिक यात्रा पर गये थे। स्वागत करने वालों में पंचायत महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, आडिटर हरीश मेहरचंदानी, रवि टेकवानी, प्रकाश आसूदानी, मोहन गोस्वामी, गुरप्रीत सिंह सलूजा, राजू टिलवानी, बूलचंद वासवानी, मुरली गुरबानी व अन्य शामिल थे।



नर्मदापुरम. ग्राम डोंगरवाड़ा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शुक्रवार को नगर के राम जी बाबा समाधि स्थल से शोभा यात्रा निकाली गई. नगर के विभिन्न चौक चौराहा से होकर यह शोभायात्रा नर्मदा घाट पहुंची. नगर के स्तम्भ चौक मोरछली चौक सराफा चौक सतरास्ता, सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया.

### अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत हुई कार्यवाही

# बाबई पिपरिया एवं इटारसी क्षेत्र में हाथ भट्टी मदिरा व महुआ लहान जप्त किया

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जिले में अवैध शराब विक्रय, निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही अभियान के अंतर्गत कार्यवाही जारी है.आबकारी वृत नर्मदापुरम बी की टीम के द्वारा माखन नगर के कुचबंदिया मोहल्ले , कसेरा बाजार आदि क्षेत्रों में अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण विक्रय एवं संग्रहण के खिलाफ दबिश कार्रवाई की। जिसमें कुचबंदिया मोहल्ले में 200 किलोग्राम लावारिश महुआ लाहन नाले में बरामद कर नष्ट किया गया एवं 5 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। कसेरा मोहल्ले में अनीता पति शौकिन कुचबंदिया से 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण बनाया गया। इसके साथ चौहान ढाबा ग्यारह मील माखन नगर में ढाबा संचालक शौरभ पिता प्रेमनारायण चौहान के ढाबे में तलाशी लेने पर कुल 33 पाव अंग्रेजी व्हिस्की मदिरा जप्त



किए एवं उक्त आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत प्रकरण कायम कर न्यायालय में पेश करने हेतु जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। जप्त मदिरा एवं लाहन की कुल कीमत 25,000 रु आंकी गई है। ग्राम नानूपुरा , पांडरी एवं माहोला मे कार्यवाही में 42 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब एवं 1250 किलोग्राम महुआ लहान जप्त आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 5 प्रकरण कायम जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1,30,000/- रुपए है।

बनखेड़ी क्षेत्र ग्राम हणोतीया और नजर खेड़ा में कार्यवाही में अवैध कच्ची शराब 30 लीटर और महुआ लाहन 350 किलोग्राम जब्त कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 41,000/- बताई जा रही है.नर्मदापुरम में आबकारी टीमों के द्वारा मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाहियां की जा रही है एवं आगे आने वाले समय में भी इस प्रकार की कार्यवाहियां जारी रहेगी।

### सुबह-सुबह किसानों के बीच पहुंचे कमिश्नर

# कमिश्नर की पहल से किसानों के चेहरे खिलखिलाए, अब लहलहाएगी फसल

■ **अंतिम छोर के टेल एरिया तक पहुंचा नहर का पानी**

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी पिछले दिनों ग्राम बमुरिया सिवनी मालवा के मुंडिया खेड़ी एवं नाहरकोला खुर्द के दौरे पर थे। इस दौरान किसानों ने उन्हें अवगत कराया था कि इस टेल क्षेत्र में नहरे तो बनी है किंतु टेल एरिया होने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता है, इस कारण सिंचाई में काफी दिक्कत होती है। किसान ट्यूबवेल से सिंचाई करते हैं। किसानों ने संभागायुक्त से अनुरोध किया था कि यदि नहर में पानी आ जाए तो किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और उनकी खेती लहलहाने लगेगी। इसी क्रम में संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना को निर्देशित किया था कि 22 नवंबर तक पानी की सप्लाई नहरो में हो जानी चाहिए और टेल एरिया में पानी प्राथमिकता से पहुंचना चाहिए। इसके लिए उन्होंने स्वयं भी नेहरो की लगातार मॉनिटरिंग करी जिसके चलते

जल संसाधन विभाग ने तत्काल कार्यवाही करते हुए सिंचाई के लिए नहर में पानी देने की



शुरुआत कर दी और व्यवस्था निश्चित तिथि के पूर्व सुनिश्चित हो गई। जिस पर संभागायुक्त के.जी. तिवारी शुक्रवार को सुबह ग्राम बमुरिया, मुंडिया खेड़ी एवं नाहरकोला खुर्द का निरीक्षण करने पहुंचे तो नहरो में वास्तव में पानी आ गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने संभागायुक्त को टेल क्षेत्र तक पानी पहुंचाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संभागायुक्त के जी तिवारी बैराखेरी पहुंचे, यहां पर बड़ी संख्या में बमुरिया ग्राम के किसान आ गए। उन्होंने संभागायुक्त को बताया कि उनके निर्देश के पश्चात बमुरिया के टेल क्षेत्र में नहर का पानी आ गया है नहर में पानी आ जाने पर किसानों ने संभागायुक्त को धन्यवाद ज्ञापित किया। किसान अजय राजपूत, दिग्विजय सिंह राजपूत, गठन सिंह राजपूत ने कहा कि संभागायुक्त के संज्ञान लेने पर नहर में पानी आ गया। इससे इस बार फसल लहलहाएगी। संभागायुक्त ने किसानों को समझाइश दी कि वह खेतो में कीटनाशक का कम से कम प्रयोग करे।

मुड़िया खेड़ी में भी टेल क्षेत्र में 22 नवंबर से नहर में पानी आ चुका है और अभी भी निर्बाध गति से आ रहा है किसान मोर्चा के शंभू सिंह भाटी ने बताया कि संभागायुक्त के निर्देश पर टेल एरिया में पानी आ चुका है जिससे किसानों में काफी हर्ष का वातावरण है। उन्होंने संभागायुक्त से मांग की की बिजली का शेड्यूल बदला जाए, अभी रात्रि 12:00 बजे से सिंचाई के लिए बिजली मिलती है जिससे किसानों को रतजगा करना पड़ता है संभागायुक्त ने कहा कि उन्होंने स्वयं बिजली का रिव्यू किया है और पता चला है कि शेड्यूल चेंज नहीं हो पाएगा। नर्मदापुरम एवं



हरदा के लिए यह विशेष समय निर्धारित किया गया है। किसानों ने मांग की कि 12 किलोमीटर की नहर कच्ची और क्षतिग्रस्त है, नहर का सीमेंटी करण किया जाए। साथ ही बताया कि समीप के ग्राम बम्हनी में 400 एकड़ गोचर की जमीन है जहां पर गौ अभ्यारण बनाया जा सकता है। वहां पर हरे घास की, चारे और पानी की व्यवस्था भी है। संभागायुक्त ने कहा कि वह इस संबंध में चर्चा कर ही कुछ निर्णय कर पाएंगे। श्री भाटी एवं अन्य किसानों ने संभागायुक्त को किसान संगोष्ठी में आने का निमंत्रण दिया।

संभागायुक्त इसके पश्चातसिवनी मालवा नाहरकोला खुर्द पहुंचे, यहां भी विगत दिनों टेल क्षेत्र में पानी न पहुंचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। किसानों ने बताया कि संभागायुक्त के निर्देश के बाद 4 साल में पहली बार नहर में पानी आया है। इसके लिए सभी ने संभागायुक्त को धन्यवाद दिया और कहा कि आप के प्रयास से अभी भी नहर में पानी प्रवाह हो रहा है। किसानों ने मांग की कि रायगढ़ में आरसी का पिलर बनाए गए हैं। जिसकी डिजाइन से जल प्रवाह में दिक्कत होती है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना ने बताया कि हेड अप पर कंट्रोल किया गया है। जिससे नहर में पानी आया है। कचरा भी साफ किया गया है। किसानों ने नहर के किनारे किनारे चार किलोमीटर तक पक्की सड़क बनाने की मांग की। जिस पर संभागायुक्त ने आश्वासन दिया कि वह निर्माण विभाग से चर्चा कर तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

संभागायुक्त के भ्रमण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना, एसडीओ शास्त्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# नगरपालिका से सेवानिवृत्त हुए सराठे का सम्मान कर विदाई दी

■ **नगर पालिका सीएमओ द्वारा कर्मचारी की सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय**



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका की राजस्व शाखा में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ मनोहर सराठे जिनको शहर के लोग गुड़िया के नाम से जानते हैं. उन्हें कार्यालय नगरपालिका के द्वारा 29/11/2024 में पत्र जारी करते हुए दोपहर दो बजे सेवानिवृत्त तो कर दिया है लेकिन इनकी मेडिकल छुट्टी का भुगतान विगत चार या पांच माह से अभी तक रोक कर रखा है और न ही माह नवम्बर के मासिक वेतन का भुगतान किया गया.

मध्यप्रदेश शासन से सेवानिवृत्त सम्मान समारोह उपहार के नाम से 15 हजार रुपए की राशि कार्यालय कलेक्टर के माध्यम से उपहार राशि के नाम पर दी जाती है मजदूर संघ ने नगरपालिका से इस संबंध में पत्र व्यवहार भी किया है जिस पर नगरपालिका के द्वारा क्या कार्यवाही की गई? इस कार्यवाही से आज तक अवगत नहीं कराया गया है.

नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्य अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया बड़े ही खेद व दुख का विषय है कि हमेशा कि तरह नगरपालिका सीएमओ के द्वारा इस बार भी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को भेंटवार्ता के लिए नहीं बुलाया और न ही उसका सम्मान किया गया जबकि अन्य विभागों में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से भेंटवार्ता करके विभागीय अधिकारियों के द्वारा उनका सम्मान किया जाता है नये नये पदस्थ हुए अधिकारी अपने अहम के कारण स्वागत सम्मान की संस्कृति भूल गए हैं. नगरपालिका सीएमओ इस रीति - नीति से अपरिचित हैं जिस दिन वह सेवानिवृत्त होगी तब तक समय बहुत बदल जायेगा तब इनको इस बात का एहसास होगा कि इनके द्वारा आज जो सेवानिवृत्त संस्कृति का अनदेखा किया जा है आने वाले भविष्य में कितना घातक रहेगा.

मनोहर सराठे की सेवानिवृत्ति कार्यक्रम पर नगरपालिका कार्यालय में साधारण तौर पर हार पुष्पमाला से कर्मचारी व मजदूर संघ के सदस्यों में महेश वर्मा, मूर्ति सिंह राजपूत, गौरव वर्मा, आषीश दुबे, लालू यादव, महेंद्र सिंह तोमर, योगेश परसाई, विजय श्रीवास, दिलावर बेग, अख्तर खांन इत्यादि ने स्वागत सम्मान करके उनके दीर्घायु कि कामना करते हुए कार्यालय नगरपालिका से विदाई दी।

# आधार कार्ड केंद्र बढ़वाने की मांग को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र में बहुत से आधार केंद्रों के बंद हो जाने के कारण क्षेत्रवासियों को हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने कलेक्टर महोदया के नाम से अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आधार केंद्र बढ़वाने की मांग की,पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने बताया कि सिवनी मालवा तहसील में लाखों की आबादी में वर्तमान में पोस्ट ऑफिस में केवल एकमात्र आधार सेंटर चालू है। जहां दो-दो महीने में नंबर लग रहे हैं जिसके कारण विद्यार्थीयो और हितग्राहियों मरीजों एवं पेंशनधारियों 70 वर्ष से अधिक



आयु वाले वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्डधारियों को अपने आधार बनवाने या अपडेट कराने में अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है साथ ही जो सेंटर चालू होते हैं वहां पर मनमर्जी से नागरिकों से शुल्क वसूल किया जाता हैं जिस पर भी रोक लगना चाहिए। पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने कलेक्टर से मांग की है की नियम अनुसार आधार सेंटर बढ़ाए जाएं और साथ ही साथ आधार सेंटरो पर निर्धारित शुल्क का निर्धारण कर चस्पा किया जाए जिससे कि आधार बनवाने या ठीक करने वालों से मनमर्जी से वसूली न हो। क्षेत्र की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर नियम अनुसार आधार केंद्र बढ़वाने एवं शुल्क निर्धारित की जाए। अवसर पर ज्ञापन देने वालों में पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार कमलेश लोबांसी विनोद मालवीय राजू रघुवंशी नरेश जायसवाल कैलाश मालवीय वीरेंद्र राजपूत भूपेंद्र कुशवाहा तुषार लोवंशी आदि उपस्थित थे।

# संयुक्त संचालक शिक्षा ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा प्रारंभ होने में दो माह का समय ही शेष है. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। इसमें प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन भी किया जा रहा है। जिससे कि संभाग का बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा में सुधार हो सके। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग एवं उपसंचालक श्रीमती ज्योति प्रहलादी, सहायक संचालक श्रीमती इंदु वछले, डीवीसी सुदीप गौर द्वारा संभाग एवं जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त संचालक द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेराती, शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांगाखेड़ा कला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें बोर्ड कक्षाओं में छात्रों को नियमित शत प्रतिशत उपस्थिति, नियमित होमवर्क जांच एवं रेमेडियल कक्षा संचालन अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु संस्था प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की कॉपी चेक की गई आईसीटी लैब का भी निरीक्षण किया गया एवं प्रयोगशाला भी देखी गई। निरीक्षण के समय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांगाखेड़ा कला के प्राचार्य राजेश चौरसिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेराती की प्राचार्य श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित पाए गए।

**मेट्रो एंकर** विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किए रवाना

# कचरा संग्रहण के लिए नगरपालिका ने खरीदे ई-व्हीकल

**संभाग में पहली नगरपालिका जिसने खरीदे ई-व्हीकल**

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका परिषद द्वारा दो वाहन (ई व्हीकल) कचरा संग्रहण के लिए खरीदें गए हैं। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आज शुक्रवार, सुबह 11.00 बजे इन्हें हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया गया। दोनों (ई




व्हीकल) संभाग की नगरपालिकाओं में पहले वाहन है। इस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी, सभा पति राकेश जाधव, सभापति मनजीत कलोसिया, पार्षद जिमी कैथवास, शुभम गौर, अमित कापरे, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, भाजपा नगर महामंत्री राहुल चौरे, कुनाल पासवान, अवध पांडे एवं अन्य भाजपा नेता सहित स्वास्थ विभाग नपा के प्रभारी उपयंत्री मयंक अरोरा सहित नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीजल बचेगा और पर्यावरण संरक्षण होगा

ई-व्हीकल कचरा वाहन खरीदने से नगरपालिका का हर माह 400 लीटर बचेगा। इससे पैसों की बचत तो होगी ही साथ ही डीजल गाडी से पर्यावरण को होने वाला नुकसान भी बचेगा।

# विधायक डॉ. शर्मा ने हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा चलाई जारी योजनाओं की दी जानकारी

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़ा के तहत जिला स्तर पर वन स्टाप सेटर में विधायक डा. सीताशरण शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक डा. शर्मा ने शासन द्वारा महिलाओं के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा तथा सहायता की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभागीय योजनाओं तथा महिलाओं से सम्बन्धित कानून की जानकारी दी गई।एडवोकेट के के थापक द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी निशा अहिरवार ने महिला सुरक्षा तथा पुलिस सहायता की जानकारी दी। वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने DIR form की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक (महिला उर्जा डेस्क) दीपिका लोखंडे, सहायक उपनिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) सविता गंजाम, वन स्टाप सेंटर समस्त स्टाफ, पुलिस विभाग का स्टाफ एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।



# समर्थन मूल्य पर गुणवत्ता विहीन सोयाबीन तुलवाने दलाल सक्रिय, चाठौली केंद्र पर अमानक फसल ठिकाने लगाने के लिए फांसी का दिखावा करने का वीडियो वायरल

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सोयाबीन के रेट मंडी में काम चल रहे हैं इसीलिए सस्ते सोयाबीन को खरीद कर समर्थन मूल्य पर तुलवाने के लिए मूल्य दलाल सक्रिय हो गए हैं। सस्ते दामों में खरीद कर इस सोयाबीन को अब समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए जिन किसानों ने पंजीयन करवाया है। परंतु इनके पास फसल नहीं हुई है। ऐसे कृषकों से बात करके उनके नाम पर घटिया क्वालिटी का सोयाबीन ठिकाने लगाने के लिए इन दिनों दलाल लग गए हैं। किसानों की आड़ में सर्वेयरों से लेकर केंद्र प्रभारियों पर भी प्रेशर बनाने का प्रयास करते इससे बात नहीं बनती है तो रिश्वत देने का प्रयास भी करते हैं । कुछ दिन पहले ही पारसौर समिति पर मिट्टी मिला हुआ घटिया सोयाबीन तुलवाने का काम कर दिया था इसको नायब तहसीलदार ने पकड़ा है। इसके बाद भी इस तरह के लोग बज नहीं होता है। वही इन लोगों का मकसद होता है कि हमारा सोयाबीन जैसे तैसे बिक जाए क्योंकि इनको गुणवत्ता विहीन सोयाबीन बेचन है।उसके लिए सर्वेयरो से लेकर केंद्र प्रभारियों को भी लोभ लालच देने का कार्य भी करते हैं। इसके अलावा हंगामा करवाने का काम भी अब इन दिनों प्रारंभ हो गया है, जानबूझकर इस तरह के लोग हंगामा करवाते हैं। इनकी सोच केवल इसकी आड़ में अपना घटिया



क्वालिटी का सोयाबीन भी ठिकाने लग है। ऐसे लोग केंद्र प्रभारी से लेकर सर्वयरों पर भी पैसे लेने के आरोप लगाकर अपना काम निकालने का कार्य भी करते हैं। दूसरी ओर इस दौरान कई अच्छे किसानों को भी फसल तुलवाने में परेशानी होती है।

वीडियो हुआ वायरल, प्रशासन भी मुस्तैद - गड़बड़ी फैलाने वालों पर शिकंजा करने के लिए प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। इसी तरह का प्रयास करने का एक वीडियो भी चाठोली समर्थन मूल्य का वायरल हुआ है। जिसको सर्वयरों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया इसके बाद ऐसे लोगों पर कार्रवाई के लिए एसडीएम को आवेदन भी दिया है। वही एसडीएम हर्षल चौधरी के द्वारा आवेदन की जांच करवा कर गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई के लिए टीम का भी गठन कर दिया है। साथ ही समर्थन मूल्य केदो पर पत्र किसानों को फसल बेचने में किसी भी तरह की असुविधा न हो उसके लिए प्रशासन के अपनी तरह से कुछ लोगों को इन समर्थन मूल्य केदो पर लगा दिया गया है जिससे कि यदि कोई व्यक्ति गुणवत्ता विहीन सोयाबीन को बेचने के लिए प्रयास करता है तो उसकी करतूत प्रशासन के कमरे में कैद हो जाए।

फांसी का हो रहा था ड्रामा - शुक्रवार को समर्थन मूल्य केंद्र चाठौली पर घटिया क्वालिटी का सोयाबीन तुलवाने के लिए फर्जी किसान और उसके लड़के ने मिलकर प्लान तैयार किया सर्वयर पर दवाब बनाने के लिए फांसी का दिखावा करने की योजना बनाई गई इसी दौरान उक्त सर्वेयर ने लड़के की बातचीत का वीडियो बना लिया क्योंकि लड़के को सर्वेयर होने की जानकारी नहीं थी सर्वेयर ने इन दोनों की बातचीत का वीडियो अपने मोबाइल में बना ली इसके बाद जब उक्त किसान से सर्वेयर ने कहा कि आप यहां हंगामा खड़ा करना चाहते हैं माहौल खराब करने के लिए ऐसा कर रहे हो क्योंकि जानबूझकर खटिया सोयाबीन को तुलवाने के लिए फांसी का ड्रामा करके कर रहे हो इसके बाद लड़के की चेहरे की हवाई उड़ गई।

**इनका कहना है**

सर्वेयर के द्वारा लिखित में आवेदन दिया है वीडियो भी दिया है इसकी जांच करवा रहे हैं उसके बाद ही आगे कार्रवाई करेंगे हमारा भी उद्देश्य की समर्थन मूल्य केंद्र पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो गलत लोगों का सोयाबीन भी नहीं खरीदेंगे।

-हर्षल चौधरी, एसडीएम

### अब शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति जियो टैग फोटो एवं लाइव वीडियो के माध्यम से होगी

# शिक्षकों की मनमर्जी लगेगा अंकुश

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त मैदानी अमले के लिए शालाओं के निरीक्षण हेतु लक्ष्य नियत किए गए हैं साथ ही जिला स्तर से लगातार शालाओं के निरीक्षण कराकर दोषियों पर कार्यवाहियां की गई हैं परंतु शालाओं के समय प्रातः 10 बजे के बाद खुलने एवं समय सायं 4.30 बजे के पूर्व बंद होने एवं शिक्षकों के अनाधिकृत अनुपस्थिति की स्थितियां लगातार प्रकाश में आ रही हैं । शिक्षकों की आदतों में कोई सुधार दृष्टिगत नहीं हो रहा है।

अतः शिक्षकों एवं छात्रों की शाला में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु विदिशा जिले की समस्त शासकीय शालाओं के लिए एक दिसंबर से निम्न व्यवस्था लागू की जा रही है। की जानकारी देते हुए डीपीसी आरपी लाखेरा ने बताया प्रत्येक जनशिक्षक प्रतिदिन किसी एक शाला में प्रातः 10.00 बजे उपस्थित होकर एवं सांय 4.00 बजे अन्य शाला में उपस्थित होकर अपना जियो टैग फोटो बीआरसी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम प्रभारी एवं जिला शिक्षा केन्द्र को भेजेगा। प्रत्येक शाला प्रभारी को प्रातः 10.00 बजे से 10.30 बजे के मध्य एवं सांय 4.00 बजे से 4.30 बजे के मध्य शाला के सभी शिक्षकों एवं छात्रों का जियो टैग ग्रुप फोटो एवं शिक्षक उपस्थिति पंजी का जियो टैग फोटो जनशिक्षक को भेजना होगा तथा जनशिक्षक के द्वारा मांग किए जाने पर लाइव विडियो से समस्त स्टाफ एवं छात्रों की उपस्थिति प्रमाणित कराएगा।

### सारा स्टाफ माना जायेगा अनुपस्थित

जनशिक्षक संलग्न प्रारूप-एक पर अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी




बीआरसीसी कार्यालय मंए स्थापित कंट्रोल रूम प्रभारी को प्रातः 11.00 बजे तक एवं सांय 5.00 बजे तक भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे। जियो टैग फोटो जिन शालाओं द्वारा जनशिक्षक को नहीं भेजा जावेगा उस शाला के समस्त शिक्षकों को अनुपस्थित मानकर जनशिक्षक द्वारा बीआरसी कंट्रोल रूम प्रभारी को जानकारी भेजी जाएगी।

### संकुल प्राचार्य एवं जनशिक्षक होंगे जिम्मेदार

संकुल प्राचार्य द्वारा स्वीकृत तथा हस्ताक्षर पंजी में अवकाश अंकित शिक्षकों के आवेदन के फोटो प्रधानाध्यापक द्वारा जनशिक्षक को ग्रुप फोटो के साथ भेजे जाएंगे जिनकी जानकारी जनशिक्षक द्वारा प्रपत्र-एक पर अवकाश कालम में दी जावेगी तथा सूचना संकुल प्राचार्य को भी दी जादेगी। वीआरसीसी द्वारा इस प्रकार से अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों की जानकारी एक पृथक पंजी में प्रपत्र-दो पर संधारित की जावेगी तथा माह की 20 तारीख को बीआरसी द्वारा वीईओ एवं संकुल प्राचार्यो को भेजी जावेगी तथा प्रतिलिपि जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा को भेजी जावेगी।

### अनुपस्थित शिक्षकों की काटी जायेगी वेतन

बीआरसी द्वारा भेजी गई अनुपस्थित शिक्षकों की सूची के समस्त शिक्षकों की अनुपस्थिति दिनांक की वेतन संकुल प्राचार्य एवं बीईओ द्वारा अनिवार्यतः काटी जावेगी। इस संबंध में कोई नोटिस आदि विकासखण्ड ध् संकुल स्तर से जारी नहीं किया जावेगा। वेतन काटे जाने का विधिवत आदेश माह की 25 तारीख तक बीईओ द्वारा जारी किया जावेगा।

### अनुपस्थित शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी को देना होगा अभ्यावेदन

जिन शिक्षकों की वेतन काटी जावेगी वह अपना अभ्यावेदन जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगे। अभ्यावेदन पर जांच विचार उपरांत उपयुक्त आदेश अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा जारी किया जावेगा। यही व्यवस्था विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी विद्यालयों के लिए लागू की जाएगी तथा अभ्यावेदनों का निराकरण जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अद्योहस्ताक्षकर्ता द्वारा किया जावेगा। हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी के लिए शाला समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे होगा।

### कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी कार्यवाही की जानकारी

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अगले माह की पांच तारीख तक विकासखण्ड अंतर्गत माह में काटी गई वेतन की शिक्षकवार जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र के माध्यम से ( प्राथमिक एवं माध्यमिक ) एवं जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ( हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी ) जिला पंचायत को भेजी जावेग तथा काटी गई वेतन का प्रपत्र तीन पर संधारण किया जावेगा। हरेक माह की 10 तारीख तक काटी गई वेतन की संख्यात्मक जानकारी प्रपत्र-चार पर कलेक्टर के समक्ष प्रति माह प्रस्तुत की जावेगी। बार चार अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों की विभागीय जांच संस्थित करने की कार्यवाही जिला शिक्षा केन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जावेगी।

### आरोपित शिक्षकों को दूरस्थ क्षेत्रों में पदांकित करने की कार्यवाही

जिन शिक्षकों की विभागीय जांच हेतु आरोप पत्र दिया जावेगा उन्हे अनिवार्यतः विकासखण्ड के बाहर दूरस्थ क्षेत्रों में पदांकित करने की कार्यवाही स्थानान्तरण से प्रतिबंध खुलने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जायेगी। जनशिक्षक, विकासखण्ड कंट्रोल रूम प्रभारी वीएसी के अवकाश या अन्य आवश्यक गतिविधि में संलग्न होने की दशा में इस कार्य को करने हेतु वीआरसी/पीईओ द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।

# नगर पालिका ने खबर के बाद सफाई के समय में किया बदलाव

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

**खबर का असर**



हमारे संवादाताके द्वारा गुरुवार के अंक में मुख्य सड़कों की करवाने का कार्य नगर पालिका के द्वारा सुबह की जगह दोपहर में करवाने का कार्य किया जा रहा था। इसके बाद नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने खबर को संज्ञान में लेते हुए व्यापारियों के हित दोपहर की जगह सुबह के समय ही मुख्य सड़कों की सफाई करवाने के लिए सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गया है। नहीं तो कुछ समय से मुख्य सड़कों की सफाई दोपहर के समय होने से व्यापारियों को धूल के कारण परेशानी हो हो रही थी आमतौर पर सभी जगह सफाई का काम सुबह में होता है। शहर की सड़कों पर वैसे ही धूल के कारण व्यापार करने मैं कठिनाई होती है इसी बीच नगर पालिका के सफाई कर्मियों भी दोपहर के समय ही झाड़ू लगाने के लिए आते हैं। धूल के कारण और भी ज्यादा हालत खराब हो जाती है इस व्यवस्था में बदलाव होने से व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली है।

### सीएम राइज स्कूल के छात्रों ने किया पॉलिटेक्निक का भ्रमण



**सिरोंज।** शुक्रवार को सी एम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को संस्था में संचालित समस्त ब्रांचो के बारे में बताया इसके अलावा यहां से डिग्री प्राप्त करने के बाद रोजगार के बारे में समझाया गया। विद्यार्थियों द्वारा संस्था के विभिन्न वर्कशॉप, प्रयोगशालाओं, सोलर प्लांट एवं विभिन्न विभागों का भ्रमण किया गया। उन्हें पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में किस प्रकार प्रवेश लेना है, ।कौन-कौन सी ब्रांच हैं और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं और प्लेसमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी सत्र 2025-26 में पॉलिटेक्निक में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# जनपद शिक्षा केंद्र में विकलांग दिवस मनाया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र सिरोंज में विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। च जिसमें रंगोली मेहंदी 100 मीटर की दौड़ कुर्सी दौड़ चम्मच दौड़े गायन नृत्य भाषा चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त बच्चों को भोजन परिवहन भट्ट पुरस्कार वितरण सामग्री प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र सरवन की ओर से सभी दिव्यांग बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। बी आर सी ओमप्रकाश रघुवंशी सी ए सी मुकेश अहिरवार की ओर से दिव्यांग बच्चों को 10-10 स्वेटर एवं समस्त जन शिक्षक बीएसी की ओर से सामूहिक सहयोग से स्वेटर का वितरण किया गया। विश्व विकलांग दिवस में मुख्य अतिथि पारस कारण भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हरण अहिरवार विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी सिरोंज द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। विश्व



विकलांग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर बीएसई समस्त जन शिक्षक मास्टर ट्रेनर्स शिक्षक पालक एवं दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीआरसी ओमप्रकाश रघुवंशी दिलीप भावसार ने किया आभार आईडी प्रभारी डॉक्टर फैजान खान ने आभार व्यक्त किया। बी ए सी महेश शर्मा जितेंद्र श्रीवास्तव प्रवीण जैन ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

### बस स्टैंड पर स्टॉल लगाकर इज्तिमा में जाने वाले लोगों की कर रहे हैं खिदमत



**सिरोंज।** दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तबलीगी इज्तिमा का आगाज आज अल सुबह से हो गया है। तबलीगी इज्तिमा चार दिन का रहेगा । दोपहर जुम्मे की नमाज के बाद नगर सिरोंज से अपने निजी वाहन एवं बसों से सफर कर इज्तिमा में पहुंच कर शिरकत कर रहे है। गौरतलब हो की हाफिज याकूब बस स्टैंड पर एसआरके ट्रैवल्स और उनकी टीम द्वारा स्टॉल लगाकर इज्तिमा में जा रहे लोगों को चाय और पोहा बाटकर खिदमत कर रहे हैं। तबलीगी इज्तिमा में इस बार सिरोंज हल्के को स्टेट के पास ही जगह दी गई है और जमातों का सिलसिला भी जारी है।

# अतिक्रमणकर्ता कार्यवाही से बचने स्वयं ही हटा लें अतिक्रमण

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मोटर साइकिल से भ्रमण कर विदिशा शहर के मुख्य चौराहो, बाजारो में जायजा ले रहे है और अतिक्रमण से यातायात प्रभावित ना हो इसके लिए प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु राजस्व, पुलिस और नगरपालिका के अधिकारियों, कर्मचारियो को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

नगरपालिका अमला की अतिक्रमण प्रभारी दल के सदस्यो ने दिन व सायंकाल में भ्रमण कर बडा बाजार से लेकर माधवगंज तक मार्ग पर अतिक्रमण कार्यो को स्वंय अतिक्रमण हटाने से निर्देशित किया गया है ताकि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से स्वंय बचे और ऐसी प्रेरणा अन्य को दें। विदिशा नगरपालिका की सहायक यंत्री वैशाली पांडे सहित निकाय का अतिक्रमण दस्ता वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण दौरान साथ मौजूद रहकर अतिक्रमको को सचेत कर रहा है।

**मेट्रो एंकर** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों व शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का लिया जायजा

# कक्षा दसवीं के परीक्षार्थी अभ्यास जरूर करें : कलेक्टर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने आज ग्राम सुनपुरा में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों व शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा दसवीं के परीक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए उनका हौंसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी को हर क्षेत्र से पूरा करें। लगातार अभ्यास करने से हमारा मनोबल बढता है और बिना भय के परीक्षा के लिए हम पूर्ण रूप से तैयार हो सकते है। उन्होंने परीक्षा के



दौरान किन छोटी-छोटी बिन्दुओ पर विशेष ध्यान दें पर जानकारियां सांझा की है। उन्होंने परीक्षाकाल के दौरान स्वंय की गई तैयारियों को भी रेखांकित किया। पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने प्रश्नो का उत्तर कैसे दें ताकि हमारे अधिक से अधिक मार्क्स आए को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी चीज कब बनी क्यों बनी उससे क्या फायदा है इत्यादि परिधि को रेखांकित करती है। इसी प्रकार अंग्रेजी गणित सहित अन्य विषयों के सवाल भी हमें इसी संकेतों पर तैयार करना चाहिए ताकि प्रश्नो में बदलाव होने से हम बिना भय के उनका जबाव दें सकें।

स्वाति के हाजिर जबावो के मुरीद हुए कलेक्टर, एसपी - कलेक्टर श्री सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने जैसे ही कक्षा दसवीं की छात्राओं के कक्ष में प्रवेश कर विभिन्न प्रकार के प्रश्नो की बौछार कर दी जिसमें औद्योगिकीकरण क्या है सबसे पहले कहां हुआ, क्यों हुआ, होने से क्या फायदे हुए इत्यादि प्रश्नो की बौछारो का कक्षा में मौजूद कुमारी स्वाति कुशवाह के द्वारा हरेक प्रश्न का सटीक हाजिर जबाव मिलने पर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक मुरीद हुए और स्वंय कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने छात्रा कुमारी स्वाति का सम्मान तालियां बजाकर किया। कलेक्टर श्री सिंह ने शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए कहा कि क्लास के बच्चे होनहार है अतः सभी के सभी मैरिट में स्थान हासिल करें। इसी प्रकार की शुभकामनाएं पुलिस अधीक्षक ने भी अभिव्यक्त की है।

### वयोवृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाएं, ऑनलाइन डाटाबेस मान्य

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी ऐसे वायोवृद्धजन जो सत्तर या इस से अधिक आयु के हो गए हैं उन सब को शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने इस कार्य को मिशन मोढ़ के रूप में क्रियान्वित कर एक सप्ताह में शत प्रतिशत सैचुरेशन की स्थिति आन लाइन डाटाबेस में प्रशिक्षित हो के निर्देश संबंधितों को प्रसारित किए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड बनाने वाले स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों व ग्राम स्तरीय अमले को निर्देशित किया है कि डोर टू डोर संपर्क कर समयावधि में पूरा करे ताकि इलाज के दौरान उल्लेख आयु वर्ग के नागरिकों को इस का लाभ सुगमता से मिल सकें। गौरतलब हो कि विदिशा जिले में सत्तर प्लस आयु वर्ग के 62 हजार 597 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं।

# अंडर-19 एशिया कपः पाकिस्तान का पहला विकेट गिरा इंडिया के आयुष म्हात्रे ने उस्मान खान को पवेलियन भेजा



**न्यूयार्क. एजेंसी**

अंडर-19 एशिया कप 2024 में इंडिया वर्सेस पाकिस्तान टक्कर हो रही है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैंटिंग का फैसला किया है। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ंत हो रही है। दोनों ग्रुप ए हिस्सा हैं। मोहम्मद अमान की कप्तानी वाली भारतीय टीम पहले गेंदबाजी करेगी। साद बेग के नेतृत्व वाली पाकिस्तान टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। दोनों टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रही हैं। टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। टूर्नामेंट 50 ओवर फॉर्मेट में आयोजित हो रहा। भारत टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जिसने अभी तक 10 संस्करण में 8 बार ट्रॉफी अपने नाम की। उस्मान खान ने भी फिफ्टी जड़ दी है। उन्होंने 83 गेंदों में पचासा पूरा किया। शाहजैह सेंचुरी की ओर बढ़ रहे हैं। 28 ओवर में पाकिस्तान ने 145 रन जोड़े हैं। ओपनर शाहजैब ने 67 गेंदों में अर्धशतक जड़ा है। पाकिस्तान ने 23 ओवर में 100 रन कंप्लीट किए। शाहजैब 57 और उस्मान 34 के निजी स्कोर पर पहुंच गए हैं। शाहजैब ने टीम इंडिया को टेंशन दे रहे हैं। वह 37 के निजी स्कोर पर पहुंच गए हैं। उस्मान ने 27 रन जोड़ लिए हैं। 16 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 72/0 है। भारत के लिए पहला पावरप्ले सूखा रहा। भारत को शुरुआती 10 ओवर में कोई विकेट नहीं मिला। पाकिस्तान ने इस दौरान 34 रन जोड़े। शाहजैब 34 और उस्मान 13 रन बनाकर टिके हैं। भारत ने पाकिस्तानी ओपनर पर लगाम लगा रखी है। 6 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 24/0 है। शाहजैब 12 और उस्मान 7 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत को विकेट की तलाश है। पाकिस्तान की पारी का आगाज हो गया है। शाहजैब खान और उस्मान खान बल्लेबाजी करने उतरे हैं। भारत की बॉलिंग अटैक की कमान समर्थ नागराज ने संभाली। उन्होंने पहले ओवर में सिर्फ वाइड के दो रन दिए।

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूल (अंडर-17) एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप लखनऊ में

# मप्र राज्य खेल अकादमी के एथेलेटिक्स खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक



**पेरिस. एजेंसी**

26 से 30 नवम्बर तक 68वीं राष्ट्रीय स्कूल (अन्डर-17) एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन गुरू गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ (उ.प्र.) में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर 01 स्वर्ण, 03 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 05 पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में खेल अकादमी के 05 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये कु. रंजना यादव ने स्वर्ण, अवधेश, प्रिंस और श्रृष्टि ने 01-01 रजत और कु. वर्षा ने कांस्य पदक अर्जित किये। इवेन्ट खिलाड़ी का नाम राज्य का नाम स्कोर पदक 3000 मी. रेस वॉक बालिका रंजना यादव म.प्र. राज्य खेल अकादमी 10:22:00 सेकेण्ड स्वर्ण ललित खिलेरी राजस्थान 15:02:77 सेकेण्ड रजत संध्या राठौर गुजरात 15:19:20 सेकेण्ड कांस्य 3000 मी. रन बालिका मुस्कान हरियाणा 9:56:78 सेकेण्ड स्वर्ण श्रृष्टि म.प्र. राज्य खेल अकादमी 10:05:72 सेकेण्ड रजत, वर्षा म.प्र. राज्य खेल अकादमी 10:06:85 सेकेण्ड कांस्य, 800 मी रन बालक सूरज सिंह उत्तराखंड 1.55.44 सेकेण्ड स्वर्ण अवधेश म.प्र. राज्य खेल अकादमी 1.55.82 सेकेण्ड रजत, अधिल जिम्मी कन्नान सीबीएसई 1.56.29 सेकेण्ड कांस्य, पोल वोल्ट बालक मिलन साबू केरल 4.10 मीटर स्वर्ण, प्रिंस यादव म.प्र. राज्य खेल अकादमी 3.90 मीटर रजत, संजय कुमार एस तमिलनाडू 3.70 मीटर कांस्य। वहीं प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एथेलेटिक्स के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुऐ उन्हें बधाई दी।

# बारिश के कारण भारत के प्रैक्टिस मैच में देरी

## ऑस्ट्रेलिया पीएम 11 के खिलाफ पिंक बॉल से खेला जाना है मुकाबला



**कैनबरा. एजेंसी**

बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया की पीएम -11 के बीच होने वाले दूसरे प्रैक्टिस मैच में देरी हो रही है। यह मुकाबला शनिवार को सुबह 9.40 बजे (भारतीय समयानुसार) से खेला जाना था, लेकिन मुकाबले से पहले कैनबरा में बारिश होने लगी। फिलहाल, कैनबरा में बारिश जारी है। फिलहाल, टीमें स्टेडियम से निकल चुकी हैं।


एडिलेड टेस्ट के लिहाज से अहम मुकाबला यह प्रैक्टिस मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के एडिलेड टेस्ट की तैयारियों के लिहाज से अहम है। दरअसल, 6 दिसंबर से शुरू होने जा रहा पिंक बॉल से खेला जाएगा। यह डे-नाइट मुकाबला होगा। ऐसे में दोनों टीमों प्रैक्टिस मैच के जरिए अपनी तैयारियां पुख्ता करने जा रही हैं। भारत को परफेक्ट कॉम्बिनेशन की तलाश इस प्रैक्टिस मैच में भारतीय टीम को कई सवालों के जवाब तलाशने हैं। दरअसल, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पैटरनिटी लीव से वापसी कर चुके हैं, वहीं अंगूठे की चोट से उबर गए हैं। इतना ही नहीं, केएल राहुल ने पर्थ में यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रनों की ओपनिंग साझेदारी करके टॉप ऑर्डर में दावेदारी पेश कर दी है। ऐसे में राहुल को टॉप ऑर्डर में उतारने की मांग हो रही है।

यशस्वी का जोड़ीदार ओपनर कौन? यशस्वी जायसवाल ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। केएल राहुल ने भी उनका अच्छा साथ दिया था। अब रोहित शर्मा वापसी कर चुके हैं। ऐसे में एडिलेट टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग कौन करेगा। गिल के लिए कौन बाहर होगा? शुभमन गिल अंगूठे की चोट से उबर गए हैं। उनको अंगूठे की चोट के कारण पर्थ टेस्ट छोड़ना पड़ा था। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया गया था, हालांकि पडिक्कल उस मौको को भुना नहीं सके थे। अब देखना यह है कि गिल के लिए किसे बाहर बैठाया जाता है? राहुल किस नंबर पर बैटिंग करेंगे आमतौर पर केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। चूंकि रोहित और गिल वापसी कर रहे हैं। ऐसे में देखना यह है कि केएल राहुल को किस नंबर पर उतारा जाएगा। उन्होंने पर्थ टेस्ट में ओपन करते हुए 26 और 77 रनों की पारियां खेलीं थी। भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल अंगूठे की चोट से उबर गए हैं। वे शुक्रवार को कैनबरा में नेट्स करते देखे गए हैं। वे आकाश दीप और यश दयाल की बॉल खेल रहे थे। इससे पहले गिल ने थ्रो-डाउनर से प्रैक्टिस की। 25 साल के शुभमन गिल 30 नवंबर से प्रधानमंत्री इलेवन के साथ प्रैक्टिस मैच में खेलते नजर आ सकते हैं।

**टीम इंडिया से मिले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री:** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कैनबरा में टीम से मुलाकात की। अभी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। दूसरा टेस्ट एडिलेड में 6 दिसंबर से होगा। उससे पहले कैनबरा में प्रधानमंत्री इलेवन और टीम इंडिया के बीच प्रैक्टिस मैच खेला जाना है। भारतीय टीम 28 नवंबर की सुबह पर्थ से कैनबरा पहुंची थी।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## 'आज की रात' गाना करने से पहले कतरा रही थीं तमन्ना लग रहा था रिस्की, बताई वजह



'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' से तमन्ना भाटिया ने प्रशंसकों के दिलों को चुरा लिया। उनकी अदाओं ने फैंस की रातों की नींद उड़ा दी है। फिल्म के साथ यह गीत भी हिट रहा। इस गीत को लेकर अभिनेत्री ने एक खुलासा किया है। दरअसल वह इस गाने को लेकर थोड़ी आशंकित थीं। आइए जानते हैं अभिनेत्री आखिर क्यों इस गाने को लेकर आशंकित थीं? रिपोर्ट्स के मुताबिक ग्राजिया इंडिया से बात करते हुए तमन्ना ने कहा, कावाला की सफलता के बाद 'स्त्री 2' के लिए गाना करना बहुत जोखिम भरा लगा। मैंने सोचा, 'क्या मैं जो पहले ही कर चुकी हूं, उससे बेहतर कर पाऊंगी?' अभिनेत्री ने खुलासा किया कि निर्देशक अमर कौशिक ने उनसे मुलाकात की और उन्हें समझाया कि यह विशेष गीत कहानी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके बाद अभिनेत्री को लगा कि यह गाना उन्हें यह करना है। फिल्म का यह गीत 'आज की रात' हर जगह चर्चा में है, पिछले साल दिग्गज रजनीकांत के साथ तमन्ना का 'कावाला' दुनियाभर में हिट रहा था। हाल ही में, तमन्ना को कई फिल्मों में मुख्य भूमिकाओं से ज्यादा या तो विशेष भूमिकाएं निभाते हुए या फिर एक लंबा कैमियो करते हुए देखा गया है। तमन्ना ने कहा कि वह किसी एक ही दायरे में सीमित नहीं रहना चाहती हैं। जब लोगों ने उन्हें सहायक रोल निभाने वाली के रूप में स्टीरियोटाइप करना शुरू किया, तो तमन्ना ने तुरंत ऐसे किरदार चुनना शुरू कर दिया, जिसकी लोगों ने कभी उम्मीद नहीं की थी। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कभी भी किरदार की स्क्रीन टाइम पर ध्यान केंद्रित नहीं करती थी। मैं बस यही चाहती थी कि लोग मुझे याद रखें।' तमन्ना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह 'स्त्री 2' में देखी गईं। वहीं, उन्होंने 'वेदा' में काम किया। फिल्म 'स्त्री 2'और 'खेल खेल में' के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराई। तमन्ना के आगामी कार्यों की बात करें तो वह तेलुगु सुपरनैचुरल थ्रिलर 'ओडेला 2' और वेब शो 'डेयरिंग पार्टनर्स' में नजर आएंगी।

## अनुराधा की मिसेज इंडिया ग्लोब ताज पहनने के बाद घर वापसी



हाल ही में राजस्थली रिसॉर्ट एंड स्पा में मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज पहनने वाली अनुराधा गर्ग का घर वापसी समारोह एक भव्य समारोह के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिष्ठित खिताब तक पहुंचने की उनकी अविश्वसनीय यात्रा का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम अनुराधा के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, न केवल सुंदरता और शालीनता के प्रतीक के रूप में बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के लिए एक वकील के रूप में भी। मिसेज इंडिया इंक 2024 सीजन 5 प्रतियोगिता में अनुराधा की जीत ने उन्हें आगामी मिसेज ग्लोब प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। वह देश की समृद्ध संस्कृति, ताकत और लचीलेपन को प्रदर्शित करते हुए भारतीय नारीत्व की एक मिसाल बनेंगी। समारोह के दौरान अनुराधा ने कहा, मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज पहनने पर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह खिताब सिर्फ़ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है; यह महिला सशक्तिकरण की वकालत करने और दूसरों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने का एक मंच है। मैं मिसेज ग्लोब में भारत का प्रतिनिधित्व करने और हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूँ। मिसेज इंडिया इंक की राष्ट्रीय निदेशक मोहिनी शर्मा ने कहा, अनुराधा की जीत लचीलापन और सशक्तिकरण की भावना का प्रमाण है।

## पत्रलेखा के प्यार में लखनऊ से शिलांग पहुंच थे राजकुमार



कहते हैं कि किसी पर जब प्यार का सुरूर चढ़ता है, तो उसे किसी भी बात का ख्याल नहीं रहता। ऐसा ही कुछ 'स्त्री 2' के अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी पत्नी पत्रलेखा के प्यार में किया है। राजकुमार राव ने साल 2010 में आई फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से डेब्यू किया और यह वही साल था जब वह पत्रलेखा के साथ रिलेशनशिप में आए। लेकिन क्या आप जानते हैं की पत्रलेखा के प्यार में राजकुमार राव ने क्या किया था? हाल ही में राज शमनी के साथ एक साक्षात्कार में अभिनेता ने खुलासा किया कि 'बरेली की बर्फी' की शूटिंग के दौरान उन्हें आधे दिन का ब्रेक मिला था। अभिनेता ने सोचा कि क्यों न अपनी प्रेमिका को सरप्राइज दिया जाए? उन्होंने लखनऊ से दिल्ली, फिर दिल्ली से गुवाहाटी और फिर शिलांग पहुंचकर पत्रलेखा से मुलाकात की। राजकुमार राव ने आगे कहा, 'मैंने कहा, मैं यह मौका लूंगा। मैंने अपना काम शाम चार बजे खत्म किया और अगले दिन कॉल का समय दोपहर दो बजे था, इसलिए मैंने कहा कि मैं अभी चलता हूं। मैं किसी तरह वहां पहुंचा और उसके साथ एक घंटा बिताया। वह बिल्कुल हैरान थीं, 'तुम लखनऊ से शिलांग सिर्फ एक घंटे के लिए आए हो?' मैंने कहा, 'हां, मैं बस तुमसे मिलना चाहता था। मैं तुम्हें देखना चाहता था'। उसी साक्षात्कार में अभिनेता ने साझा किया कि वह एक बार भारी बारिश में मुंबई हवाई अड्डे से अंधेरी तक भागे क्योंकि, वहां ट्रैफिक था और वह नहीं चाहते थे कि पत्रलेखा इंतजार करें। अभिनेता ने कहा, मुझे लोगों को अपने लिए इंतजार करवाते देखना पसंद नहीं है। उस दिन बारिश हो रही थी और बहुत सारे ट्रैफिक जाम थे। मैं लगभग वहां से यहां तक भागा।' बता दें कि राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर, 2021 को शादी कर ली। वर्क फ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव को हाल ही में 'स्त्री 2' में देखा गया। फिल्म ने कई सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और प्रशंसकों का दिल जीतने में भी कामयाब रही।



## मेट्रो बाजार

# रिपोर्टः पिछले एक साल में भारत के अरबपतियों की संपत्ति बढ़ी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत की इकोनॉमी दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इसके साथ ही देश में अमीरों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय देश में 185 ऐसे लोग हैं जिनकी नेटवर्थ एक अरब डॉलर यानी करीब 8,400 करोड़ रुपए से अधिक है। इन लोगों की कुल नेटवर्थ 1.19 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 100 लाख करोड़ रुपए पहुंच चुकी है, जो भारत की जीपीडी के एक-तिहाई से भी ज्यादा यानी 33.81 फीसदी के बराबर है। पिछले तीन साल में रईसों की संपत्ति 50 फीसदी तेजी आई है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और डॉलर के मुकाबले रुपए में 5 फीसदी तक



गिरावट के बावजूद अरबपतियों की संपत्ति में यह इजाफा हुआ है। फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के टॉप 10 अमीरों में केवल एक महिला सावित्री जिंदल शामिल हैं। वे देश की चौथी सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अरबपतियों की लिस्ट में इस साल 29 नए नाम जुड़े हैं। इनमें जोहो कॉरपोरेशन के श्रीधर वेंबू, शेखर वेंबू और राधा वेंबू शामिल हैं। अग्रवाल कोल कॉरपोरेशन के विनोद कुमार अग्रवाल, अपर इंडस्ट्रीज के कुशल नरेंद्र देसाई और चैतन्य नरेंद्र देसाई, श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी के महाबीर प्रसाद अग्रवाल और बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल के शिव रतन अग्रवाल और दीपक अग्रवाल को भी इस लिस्ट में जगह मिली है। देश में अमीर लगातार बढ़ रहे हैं। 2.32 लाख करोड़ के नेटवर्थ के साथ दिलीप सांघवी सबसे धनी फार्मा बिजनेसमैन, साइरस पूनावाला 1.71 लाख करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## अमरीका 200 चीनी कंपनियों को प्रतिबंध लिस्ट में डालेगा!

**बीजिंग. एजेंसी**

निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने के साथ अमरीका चीन के सेमीकंडक्टर उद्योग पर एक और बड़ा वार करने की तैयारी में है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमरीका करीब 200 चीनी कंपनियों को व्यापार प्रतिबंध लिस्ट में डालने की तैयारी में है। इनमें चिप बनाने वाले उपकरण और सामग्री सप्लाई करने वाली प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, अमरीका का यह कदम चीन के सेमीकंडक्टर उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को और मुश्किल बना सकता है। इस लिस्ट में हुवावे टेक्नोलॉजीज और उससे जुड़े चिप निर्माण प्लांट्स को निशाना बनाया गया है। हुवावे 2019 से ही अमरीकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। अमरीका के ये नए प्रतिबंध चीन की चिप सप्लाई चेन को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। इनसे वेंचर कैपिटल और गैस सप्लाई करने वाली कंपनियों पर भी असर पड़ने की आशंका है। अमरीका के इन प्रतिबंधों का उद्देश्य चीन को एडवांस तकनीकों तक पहुंच से रोकना है, जिनसे उसकी सैन्य ताकत बढ़ सकती है।चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ये कदम दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चीन अपने व्यापारिक हितों की रक्षा

## सोयाबीन व तेल की कीमतों में इजाफा

**नईदिल्ली. एजेंसी**

आवक कम होने के साथ प्लांटों की ऊंचे भाव खरीदी से सोयाबीन के भाव में सुधार आया। सोया खली के भाव भी तेज रहे। सोयाबीन में आए सुधार व विदेशी बाजारों में तेजी से घरेलू स्तर पर सोया तेल के दाम तेज रहे। देश की मंडियों में सोयाबीन की कुल 1.50 बोरी आवक हुई। सरसों की देश में कुल 4 लाख बोरी आवक बताई गई। लोगों को महंगाई की मार भी झेलनी पड़ रही है। खाद्य तेलों की कीमतों में पिछले एक वर्ष के दौरान भारी इजाफा हुआ है। सबसे ज्यादा खपत वाले सोयाबीन तेल की कीमत तो एक साल में लगभग दोगुना हो गई है। वहीं सरसों, मूंगफली, सूरजमुखी तेल के दाम भी खूब बढ़े हैं। जानकारों की मानें तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेल की कीमत बढ़ने की वजह से देश में यह तेजी आई है। खाद्य तेलों के मामले में भारत अपनी आधी से लेकर तीन-चौथाई तक जरूर विदेश से आने वाले कच्चे खाद्य तेल से पूरी करता है।

## राजधानी में रोज हो रही चोरियों की कई वारदात

# परीक्षा देने दिल्ली से आई युवती का बैग चोरी

**अन्य यात्रियों के भी मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए दिल्ली से भोपाल आई एक युवती का प्लेटफार्म पर रखा बैग चोरी हो गया। चोरी गए बैग में लैपटाप के साथ मूल दस्तावेज रखे हुए थे। इसी प्रकार कई अन्य यात्रियों की जेब से पर्स और कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजस्थान निवासी उर्वशी दिल्ली में रहती हैं। वह प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए भोपाल आई थी।

28 नवंबर की रात करीब दो बजे भोपाल स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद प्लेटफार्म क्रमांक एक पर स्थित मुसाफिर खाने में बैठ गई। उसे सुबह पेपर देने जाना था। इस दौरान उर्वशी की नींद लग गई। सुबह करीब सवा पांच बजे नींद खुली तो पास में रखा उसका बैग चोरी हो चुका था। बैग में एक लैपटाप स्कूली सर्टिफिकेट्स, आधार कार्ड, वोटर आईडी, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, फोटो, एडमिड कार्ड समेत अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस ने चोरी गए सामान की कीमत 20 हजार रुपये बताई है।

इधर शिवपुरी निवासी मलखान सिंह जाटव गोंडवाना एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। ट्रेन के जनरल कोच में चढ़ते समय किसी ने उनकी जेब से पर्स चोरी कर लिया। चोरी गए पर्स में साढ़े तीन हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे।

### चार्जिंग में लगा 32 हजार का मोबाइल चोरी

आंध्रप्रदेश निवासी गफूर बीती 27 नवंबर को डाक्टर अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में तेलंगाना से भोपाल का सफर कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया था। कोच के अंदर अचानक से शोर शराबा होने लगा तो उनकी नींद खुली। देखा तो चार्जिंग पाइंट पर लगा 32 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका है। बदमाशों ने कई अन्य यात्रियों के भी मोबाइल चोरी कर लिए थे। रानी कमलापति पर ट्रेन रुकने पर उन्होंने जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## कॉल करने के बहाने मोबाइल लेकर भागा

सिंगरौली निवासी देवराज जबलपुर जाने के लिए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। वह प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर बैठे थे, तभी एक युवक उनके पास पहुंचा। उसने बताया कि मोबाइल में नेटवर्क नहीं आ रहा है और जरूरी कॉल करना है। देवराज ने उसे कॉल करने के लिए अपना मोबाइल दे दिया और खुद कपड़े बदलने के लिए बाथरूम चले गए। कुछ देर बाद वह वापस लौटे तो वह युवक उनका मोबाइल लेकर गायब हो चुका था। उन्होंने दूसरे व्यक्ति के मोबाइल से अपने मोबाइल पर कॉल किया तो वह स्विचऑफ हो चुका था। बाद में उन्होंने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपये बताई गई है।



**दो दिन पहले ही बिहार से भोपाल आया था मृतक**

# मोबाइल पर बात कर रहा छात्र चौथी मंजिल से गिरा, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। तलैया?थाना क्षेत्र स्थित गिन्नौरी में शुक्रवार दोपहर चौथी मंजिल से गिरकर छात्र की मौत हो गई। मूलत:-बिहार का रहने वाला छात्र यहां गिन्नौरी में मुन्ने खां वाली गली की मल्टी में चौथी मंजिल पर अपने तीन साथियों के साथ किराए से रहता?था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। उसके दोस्तों को आज शव पीएम के बाद सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार सदनाम साजी पिता सहादत आलम (18) मूलत:-बिहार का था। सदनाम यहां हाथी खाना, गिन्नौरी में मुन्ने खां वाली गली की मल्टी में रह रहा था। उसके साथ तीन अन्य दोस्त भी रहते थे। सदनाम दो दिन पूर्व ही बिहार से आया था। उसके दोस्त ने पुलिस को बताया कि सदनाम ने इसी वर्ष कॉलेज में एडमिशन लिया था। शुक्रवार दोपहर वह नवाज पढ़कर घर लौटा और खाना खाने के बाद कहने लगा कि चलों नीचे चलते हैं। उस समय घर पर उसका एक ही दोस्त मौजूद था। उसने कहा कि तुम नीचे से होकर आ जाओ। सदनाम नीचे न जाते हुए दोपहर करीब ढाई बजे चौथी मंजिल की छत पर मोबाइल लेकर गया। कुछ ही देर बाद वह छत से नीचे गिर गया।

### करीब पचास फीट की ऊंचाई से गिरा सदनाम

चौथी मंजिल की छत से गली में गिरने के कारण सदनाम को सिर में गंभीर चोट आई?थी। करीब पचास फीट की ऊंचाई से वह गिरा था। उसे हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां उसकी सांसे चल रही थी। लिहाजा तत्काल उसे इलाज दिया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस का कहना है कि छत पर तीन फीट की बाउंड्री बनी है। अनुमान है?कि इसी बाउंड्री पर बैठकर सदनाम मोबाइल पर बातचीत कर रहा?था और एकाएक नीचे गिर गया।

**सीसीटीवी फुटेज से तलाश**

# सड़क पार कर रही 70 साल की बुजुर्ग को वाहन ने मारी टक्कर, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल सफायर के पास रात अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट?आई थी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा गया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार केसर जहां पति सैयद मंजूर (70) पारस नगर टावर के पास गांधी नगर में रहती थी।

शुक्रवार रात वह मुख्य सड़क सफायर होटल के पास से सड़क पार कर रही थी, तभी रात करीब आठ बजे के आसपास तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर मारने के बाद वाहन का चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है?कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी टक्कर मारने वाले वाहन और उसके नंबर के बारे में जानकारी नहीं दी है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

# पता पूछने के बहाने पीटा और छीन ली चेन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज इलाके में दो दिन पहले रात करीब ग्यारह बजे पता पूछने के बहाने तीन बदमाशों ने एक शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी और गले से सोने की चेन छीनकर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार योगेंद्र सिंह चौहान (59) ग्यारह सौ क्वार्टर हबीबगंज में रहते हैं और नर्मदा भवन में नौकरी करते हैं। गुरुवार की रात करीब ग्यारह बजे वह घर के बाहर टहलते हुए कुत्ते को रोटी डालने और गाड़ी को गैराज में रखने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह पंजाब नेशनल बैंक के सामने मेन रोड पर पहुंचे, वैसे ही वहां खड़े कुछ लड़कों में एक उनके पास पहुंचा। वह ई-9 अरेरा कालोनी का पता पूछने लगा। उसके पीछे दो और साथी पहुंच गए। एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करते हुए जमीन पर गिरा दिया, जबकि उसका साथी छोड़ दे भाई करते हुए उनके गले से सोने की चैन खींचने लगा। लूटपाट का अंदेशा होते ही योगेंद्र ने अपनी चेन के मजबूती के साथ पकड़ लिया तो वह टूट गई। टूटा हुआ हिस्सा छीनकर युवक ने अपने पास रख लिया और पास खड़ी बाइक पर सवार होकर तीनों हनुमान मंदिर की तरफ भाग निकले। बदमाशों के भागने के बाद योगेंद्र ने डायल 100 को सूचना दी। सुबह वह ड्यूटी चले गए थे।वापस लौटने के बाद उन्होंने थाने जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### पारिवारिक जमीन विवाद बना मौत का कारण

**सिवनी मालवा।** डोलरिया में दो चचेरे भाइयों के बीच में वर्षों से चला आ रहा जमीन विवाद फिर सामने आया और इस बात को लेकर फिर चचेरे भाइयों के झगड़े की घटना हुई थी। इस घटना में चाकू की चोट से अखिलेश साध पिता सुरेश साध (राजपूत) गंभीर रूप से घायल हो गए भोपाल के अस्पताल में इलाज के दौरान गत दिवस घायल अखिलेश की मौत हो गई। थाना प्रभारी खुमानसिंह पटेल ने बताया कि कई दिनों से दो परिवारों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। जिसे लेकर रविवार की दोपहर में चचेरे भाइयों के बीच मारपीट और चाकूबाजी हो गई थी। जिसमें अखिलेश राजपूत को सिंटी उर्फ वीरेंद्र और ढेंचू अशोक ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। फरियादी अखिलेश राजपूत नर्मदापुरम अस्पताल में भर्ती कराया गया था 28 नवंबर को भोपाल के अस्पताल में अखिलेश राजपूत की मौत हो गई। दोनों आरपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बीते कई दिनों से चोरियों पर नहीं लग पा रहा अंकुश**

# दिनदहाड़े हो रहीं वारदात, आधा दर्जन दोपहिया ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में दोपहिया वाहनों की चोरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों से बदमाश आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन एक भी वारदात का खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस के मुताबिक सेंट्रल लायब्रेरी के सामने इतवारा रोड मंगलवारा निवासी हनी बुर्रा (31) प्रायवेट काम करते हैं।

उन्होंने अपनी स्कूटर घर के बाहर बनी दुकान के पास खड़ी करके अंदर चले गए थे। करीब एक घंटे बाद बाहर निकले तो उनकी स्कूटर चोरी हो चुकी थी। आसपास तलाश करने पर भी जब स्कूटर नहीं मिली तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर महेंद्र कुमार झा बीडीए कालोनी, जेल रोड गांधी नगर में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। उनकी पत्नी शशिबाला हमीदिया अस्पताल में काम करती हैं। बुधवार सुबह करीब आठ बजे पत्नी स्कूटर लेकर ड्यूटी गई थी। उन्होंने स्कूटर ए-ब्लाक के पास खड़ी की और काम पर चली गई।

रात करीब आठ बजे वापस लौटते समय देखा तो उनकी स्कूटर चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार सूरज सिंह चौहान (23) मूलत:-सीधी का रहने वाला है। फिलहाल वह सुरुचि नगर कमला नगर में रहता है और पढ़ाई करता है। सूरज ने लायब्रेरी के सामने अपनी बाइक खड़ी की अंदर पढ़ाई करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

इधर एमपी नगर जोन क्रमांक 2 स्थित पैथालाजी के सामने खड़ी प्रकाश शाक्या, खटीकपुरा मछली मार्केट तलैया से अरबाज खान और बिहारी कालोनी भानपुर छोला मंदिर से हरीसिंह मालवीय की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात दोपहिया वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर केस दर्ज

**भोपाल।** रातीबड़ पुलिस ने इलाके में तेज आवाज में डीजे बजा रहे दो डीजे चालकों के खिलाफ शासकीय आदेश के उल्लंघन और कोलाहल अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि जलसा होटल के पास मेनरोड नीलबड़ पर एक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे वाहन का वीडियो बनाया और चालक से डीजे बजाने की अनुमति मांगी तो वह नहीं दिखा सका। इस पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई निविदा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता-I/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल, निम्नलिखित कार्यों के लिए आमंत्रित करता है (दो लिफाफा पद्धति) **निविदा संख्याः** DYCE-C-I-BPL-09-2024, **कार्य का नामः** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के बीना-इटारसी-खंडवा सेक्शन में डिप्टी सीई/सी-1/बीपीएल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर 06 रोड ओवर ब्रिज का निर्माण, **निविदा का अनुमानित मूल्य** ₹: ₹ 18421.67 लाख, **बयाना राशि** ₹: ₹ 93,60,800.00, **ई-निविदा बंद होने की तिथिः** 20.12.2024 को 15.00 बजे, **समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह मानसून एवं फसल सहित, **नोटः ई-**निविदा संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps. gov.in. पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता-I/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अतिरिक्त अन्य कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। यदि निविदा सम्बन्धी कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो वह केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही उपलब्ध रहेगा।

**उप मुख्य अभियंता-I (निर्माण)/ पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


**मेट्रो एंकर**

**स्वयंसेवी संगठन और पुलिस का संयुक्त प्रयास**

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर पुलिस ने स्वयंसेवी संस्था आरंभ और मीत के साथ मिलकर बैंक आफीसर्स पब्लिक स्कूल में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के करीब दो दर्जन शिक्षक और 200 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों के साथ ही हेड कांस्टेबल आशीष श्रीवास, मीत संस्था से रेखा श्रीधर और आरंभ संस्था से विजय यादव तथा ऑस्टिन अलेक्जेंडर विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वच्छ भोपाल, सुरक्षित भोपाल और हम होंगे कामयाब अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में अयोध्या नगर थाने के प्रधान आरक्षक आशीष ने वर्तमान में बच्चों के साथ होने वाले साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रावधान बताए। बच्चों से चर्चा करते हुए उन्होंने मोबाइल के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर बात की और



साइबर क्राइम होने पर पुलिस की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार मीत संस्था की रेखा श्रीधन ने बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और सहभागिता के लिए बनाए गए अधिनियमों पर चर्चा करते हुए जरूरी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बच्चों से चर्चा करते हुए बाल विवाह, बाल श्रम जैसी कुरीतियों की रोकथाम के बनाए गए प्रावधानों और अधिनियमों पर जानकारी दी। इधर आरम्भ संस्था के विजय यादव ने वर्तमान में बच्चों के साथ हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुए उनकी रोकथाम में हम कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, इस विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बच्चे आपस में कैसे सहयोगी व्यवहार बनाकर रह सकते हैं और अपने स्कूल में एक सुरक्षित वातावरण बनाने में सहयोग कर सकते हैं।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना ईटखेड़ी जिला भोपाल देहात (म.प्र.)**

Email-ps.ettkhedi-bpl@mppolice.gov.in, मो.न. 7587601612

क्रमांक / था.प्र./ईट /686/2024 दिनांक 21.11.2024

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना ईटखेडी के मर्ग क्रमांक 35/2024 धारा 194 बीएनएसएस में मृतिका अज्ञात महिला उम्र 35-40 साल करीबन का शव ग्राम अगरिया ईटखेड़ी के पातरा नाला मे मिला है जिस अज्ञात महिला की शिनाख्तगी अभी तक नहीं हो सकी है। मृतिका की पीएम रिपोर्ट मे डॉक्टर द्वारा **उम्र करीबन 25 से 35 वर्ष** लेख किया है।



**मृतिका का हुल्लिया** - चेहरा गोल, कंद करीबन 166 सेमी., शरीर सामान्य, हष्टपुष्ट है, काले बाल है।

**मृतिका का पहनावा** - मृतिका नीले रंग का ब्लाउज (नेवी ब्लू रंग प्रिटेड), नीले रंग की साडी ( नेवी ब्लू प्रिटेड) जिसमें लाईन बनी हुई, साडी में लाल रंग का बार्डर है तथा लाल ही रंग का पेटी कोट , गले में मंगल सूत्र जिसमे काले मोती व एक सोने जैसी धातु का पैडिल पहना हुआ है दोनो पैरो में पायाल व पैरो की अगुली में दो दो बिछिया पहने हुये है।

**मृतिका के शरीर पर पहचान के निशान**- मृतिका के दाहिने हाथ में हिन्दी में **शुभम, अंकुश, गंगाराम व दिल बना है जिसमे अग्रेजी में G.S. लिखा है तथा दाहिने हाथ के अंगूठा के पास दुर्गेश लिखा है।**

अतः उक्त अज्ञात मृतिका महिला तथा परिजनों के संबध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया थाना प्रभारी ईटखेडी के मो.न. 7587601612 व जांचकर्ता के मो.न.- 9977803756 पर तत्काल सम्पर्क कर सूचित करने का कष्ट करे।

**G-19592/24** **थाना प्रभारी, थाना ईटखेड़ी भोपाल**


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022